13 korba-Bhoomi pg1_Layout 1 3/14/2024 12:10 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 14 मार्च 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 शहर की सड़कों में अब चलेंगी प्रदूषण मुक्त पीएम ई-बसें



## खबर संक्षेप

### उपाध्याय बने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी

**कोरबा।** राज्य शासन द्वारा बुधवार देर शाम विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के जारी किए गए स्थानांतरण के प्रक्रिया के तहत पाली विकासखंड के माखनपुर स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य टोपेश्वर उपाध्याय को कोरबा जिले के प्रभारी शिक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थ किया गया है। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज के निलंबन के बाद जिले का शिक्षा विभाग बीते एक पखवाड़े से अधिक समय से अपर कलेक्टर के प्रभार में चल रहा था। जबकि बोर्ड परीक्षाओं का दौर चल रहा है। ऐसे में जिला शिक्षा अधिकारी का पद रिक्त रहने से कई वैधानिक दिक्कते सामने आ रही थी। बुधवार को श्री उपाध्याय के शिक्षा अधिकारी बनाए जाने के आदेश के बाद गुरुवार से जिले को नया प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी मिलने के बाद विभागीय कार्य संचालित होने लगेंगे।

### पाटीदार भवन में स्वास्थ्य पर आधारित सेमिनार

**कोरबा।** संतुलित आहार एवं तनाव रहित नियमित दिनचर्या से पीसीओडी की समस्या से महिलाएं एवं युवतियां सुरक्षित रह सकती है। उक्त बातें भारतीय योग संस्थान की क्षेत्रीय प्रमुख आभा अग्रवाल ने विशेष सेमिनार में व्यक्त किए। सेमिनार अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुजराती समाज की महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत पाटीदार भवन में आयोजित किया गया था। योग प्रशिक्षका श्रीमती आभा अग्रवाल ने इस अवसर पर महिलाओं को मेनोपॉज, फाइब्रॉयड एवं पीसीओडी की समस्या पर विस्तार से चर्चा करते हुए इससे बचाव एवं उपचार की जानकारी दी। नियमित विशिष्ट योग अभ्यास, प्राणायाम एवं प्राकृतिक चिकित्सा से उपरोक्त सभी समस्याओ का प्रभावी निदान संभव है।

### प्रशिक्षण व जागरूकता अभियान का समापन

**कोरबा।** हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह मनाया गया। 4 से 11 मार्च के मध्य आयोजित हुए इन साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत एचटीपीएस के संरक्षा विभाग द्वारा श्रमिकों एवं संयंत्र-कर्मियों को असुरक्षित कार्यदशाओं तथा मानवीय चूक, असावधानी की वजह से घटित होने वाले औद्योगिक हादसों के प्रति सजक और सचेत कर इनकी प्रभावी रोकथाम हेतु कर्मकार प्रशिक्षण कार्यक्रमों, नारा प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमों, गृह व्यवस्थापन प्रतियोगिता एवं हेजार्ड हंट खेल के माध्यम से संरक्षा प्रबंधन में संयंत्र-कर्मियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए । इसी अनुक्रम में महिला सुरक्षा पर आधारित प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत संयंत्र की सभी नियमित/अनियमित महिला कर्मियों को गृह सुरक्षा एवं प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हरासमेंट एट वर्क प्लेस अधिनियम,2013 के विषय में जानकारी प्रदान की गई।

### हैंडपंप खराब होने के कारण ग्रामीण हो रहे परेशान

**चैतमा।** पाली विकासखण्ड के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कांजीपानी के आश्रित मुहल्ला घुईचुवा बस स्टैंड में दो हैंडपंप स्थापित है और दोनों हैंडपंप बंद पड़े हुए हैं। जिससे वहां पर निवास करने वाले होटलों व आने जाने वालों को पीने के पानी व लोगों को पानी पिलाने के नेशनल हाईवे सड़क को पार कर पानी लाना पड़ता है। नेशनल हाईवे सड़क पर वाहनों का आवागमन लगा रहता है, जिससे अनहोनी की आशंका बनी रहती है। जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने बंद पड़े हैंडपंप को तत्काल सुधारने की मांग की है। ज्ञात हो की कई ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन का काम पूरा हो चुका है, उसके बावजूद आज पर्यंत तक पानी सप्लाई आरंभ नहीं हुआ है। घर के सामने बना स्टैंड पोस्ट व गाँव के बाहर पानी टंकी शोभा बढ़ा रही है।

# पलाश के फूलों से जंगल में छायी लालिमा, आदिवासी फूल बेचकर हो रहे हैं मालामाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल का जंगल इन दिनों पलाश के फूल से अटा हुआ है। जंगल में चारों तरफ पलाश के फूल ही नजर आ रहे हैं। जिसकी लालिमा देखकर जंगल की रौनक और भी खूबसूरत हो चुकी है तो वहीं दूसरी ओर इस पलाश के फूलों का संग्रहण जंगल में शुरू हो चुका है। आदिवासी परिवार इसे बेचकर मालामाल भी हो रहे हैं। जिले के जंगल में बड़े पैमाने पर पलाश के पेड़ हैं। जहां हर वर्ष जंगल में इन पलाश के पेड़ों में मार्च के महीने में फूल नजर आते हैं और फूल को संग्रहण कर आदिवासी परिवार अपना अतिरिक्त आय भी अर्जित करते हैं। वन विभाग द्वारा इस वर्ष पलाश के फूलों को 11.50 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदी कर रहा है। ▶▶ शेष पेज 3 पर

अलग खबर

## 11.50 रुपए प्रति किलो की दर से वन विभाग फूलों की कर रहा है खरीदी



### औषधीय गुणों से होता है भरपूर

पहले टेसू के फूलों से खेली जाने वाली होली आज हर्बल रासायनिक रंगों से रंगीन है। फाल्गुन की पूर्णिमा आते-आते जंगल के अंदर और बाहरी किनारों पर टेसू के फूल इस कदर खिलते हैं कि पूरा जंगल लालिमा से भर उठता है। टेसू को पलाश, परसा, ढाक आदि के नाम से भी जाना जाता है। पलाश यानी टेसू के पत्ते शुद्धता के प्रतीक माने जाते है। इनके पत्तों से दोना,पत्तल और थालियां बनाई जाती हैं। कहा जाता है कि इनके पत्तल में भोजन करने से चांदी के बर्तन में भोजन करने का लाभ और फल मिलता है। टेसू की जड़ से लेकर पत्ते, फूल सभी कुछ औषधीय गुणों से भरपूर है।

### कटघोरा में 800 क्विंटल का मिला है लक्ष्य

इस साल कोरबा व कटघोरा वनमंडल के जंगल में पलाश के पेड़ों पर अच्छा खासा फूल नजर आ रहा है। वन मुख्यालय ने कटघोरा वनमंडल को 800 क्विंटल पलाश के फूल संग्रहण करने का लक्ष्य दिया गया है तो कोरबा वनमंडल को लगभग 300 क्विंटल साल फूल का संग्रहण करने का लक्ष्य दिया गया है। इस वर्ष राज्य सरकार ने पलाश के फूल के लिए 11.50 रुपए प्रति किलो दर तय किया है। वर्ष 2023 में कटघोरा वनमंडल में मात्र 100 क्विंटल पलाश के फूल का ही संग्रहण हो पाया था। ऐसे में 800 क्विंटल का संग्रहण लक्ष्य पूरा कर पाना संभव तो नजर नहीं आ रहा है लेकिन फिर भी वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि दिए गए संग्रहण लक्ष्य को हासिल करने की दिशा पर भरपूर प्रयास किया जाएगा।

## मामला ग्राम पंचायत सोनगुड़ा का, पथरीली जमीन के कारण नहीं मिलता पानी

# दर्री बराज के नजदीक रहकर भी प्यासे हैं खेत और ग्रामवासी



सोनगुड़ा के ग्रामीण जहां गर्मी में प्रतिवर्ष खड़ा होता है जलसंकट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिला मुख्यालय से महज 20 किलोमीटर दूर और दर्री बांध के नजदीक होने के बाद भी ग्राम सोनगुड़ा के खेत और ग्रामीण दोनों की प्यास नहीं बूझ रही है। पथरीली जमीन होने के कारण गांव में लगाए गए हैंडपंप जहां सफल नहीं हो रहे वहीं कुएं में भी पानी गर्मी आते ही नीचे चला जाता है। और तालाब भी सूख जाते हैं। बांगो बांध की तरह यहां के ग्रामीणों को भी पीएचई की योजना का इंतजार बना हुआ है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बांगो बांध के आसपास बसे ग्राम पंचायतों की प्यास बूझाने के लिए एक बड़ी जल योजना तैयार की है, जिसमें पानी टंकी का निर्माण कर पाईप लाईन के सहारे ग्राम पंचायतों में पानी सप्लाई किया जाएगा। ठीक इसी तरह की योजना का इंतजार सोनगुड़ा गांव के ग्रामीणों को भी बना हुआ है। जिस तरह बांगो बांध के आसपास गांव स्थित है जिनकी प्यास बूझाई जाएगी। इसी तरह ग्राम सोनगुड़ा भी दर्री बांध के नजदीक है। भौगोलिक दृष्टि से गांव की दूरी बांध से 2 से 2.5 किलोमीटर के बीच होती है। ग्रामीणों की मानें तो बांध से पानी लाकर गांव की प्यास बूझाई जा सकती है। सोनगुड़ा के अलावा आसपास सोनपुरी और तिलाईडांड जैसे गांव भी हैं जहां पानी का संकट बना रहता है। पीएचई विभाग ने इन ग्रामों में पानी की व्यवस्था के लिए केवल हैंडपंप ही खोदे हैं। नलजल योजना से लेकर अन्य कोई योजना फिलहाल इन ग्रामों में नहीं पहुंची है। दर्री बांध से पानी लाकर गांव की प्यास बूझाने का प्रोजेक्ट अभी विभाग के पास लंबित पड़ा हुआ है।

### जल ग्रामीण मिशन से हुआ था प्रयास

ग्राम सोनगुड़ा और आसपास के ग्रामों में पानी का जल स्तर बढ़ाने हेतु जल ग्रहण मिशन के द्वारा कार्य किया गया था, जिसमें जल ग्रहण प्रकोष्ठ और स्वयं सेवी संस्था स्रोत ने सोनगुड़ा से लेकर भटगांव तक जल संरक्षण का अभियान चलाया था। इसके तहत ग्राम सोनगुड़ा के बगल में स्थित पहाड़ पर बोल्डर चेकडेम, कंटूर लाईन, छोटी-छोटी डबरी बनाकर पहाड़ से बहने वाले पानी को जमीन के अंदर पहुंचाने हेतु संग्रहित करने का कार्य किया था। केवल यही एक कार्य जल संरक्षण के साथ जल स्तर बढ़ाने के लिए किया गया है। मनरेगा से खोदे गए तालाब में भी पानी नहीं रहता। गर्मी आते ही सोनगुड़ा में पानी सोने के बराबर हो जाता है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया एएसआई को सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

एक एएसआई के खिलाफ अवैध शराब के प्रकरण पर कार्रवाई करने की बजाये पैसा उगाही करने का आरोप लगा था। जब एसपी के सामने मामले की शिकायत पहुंची तो उन्होंने तत्काल मामले को गंभीरता से लेते हुए एएसआई को सस्पेंड कर दिया है और आगे की जांच के लिए रक्षित निरीक्षक को निर्देशित किया गया है।

बांगो थाने में पदस्थ एएसआई सुखलाल सिदार के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों ने लिखित शिकायत की थी। शिकायत में एएसआई श्री सिदार पर अवैध शराब के प्रकरण में कानूनी कार्रवाई न करने के एवज में पैसे की डिमांड की गई थी। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी से की थी। इस मामले में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच का आदेश दिया गया। जांच में एएसआई पर लगे अवैध वसूली का आरोप सही पाये जाने पर पुलिस अधीक्षक ने श्री सिदार को तत्काल सस्पेंड कर दिया है। जिससे महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

### अब तक 4 लोग हो चुके हैं सस्पेंड

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने अपनी ज्वाईनिंग के दौरान ही थानेदारों व स्टाफ को फरमान जारी कर दिया था कि लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अवैध कारोबार में किसी की संलिप्तता पायी गई तो उस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। फरवरी महीने में ही पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने कटघोरा थाना प्रभारी तेजराम यादव व एक एएसआई को सस्पेंड किया था जबकि इसी थाने में पदस्थ एक आरक्षक पर वसूली का आरोप लगा था और जांच में सही पाया गया था जिसके बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया था। पिछले कुछ दिनों में जिले में एक निरीक्षक, दो एएसआई सहित कुल 4 लोग सस्पेंड हो चुके हैं। निश्चित तौर पर कप्तान की इस कार्यवाही से आम जनता को बड़ी उम्मीदे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के थानों में ही इस तरह की कई घटनाएं सामने आती हैं। कप्तान के फरमान के बाद भी उगाही में लगे पुलिस कर्मियों के हौसले कितने बुलंद हैं इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

# वृद्ध की धारदार हथियार से मारकर हत्या, तहकीकात में जुटी पुलिस

**कोरबा।** 61 वर्षीय वृद्ध की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई है। वारदात की सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात पर जुटे हुए हैं। वृद्ध की हत्या कुल्हाड़ी मारकर कीगई है। फिलहाल फोरेंसिक एक्सपर्ट व खोजी डॉग स्क्वायड की मदद से पुलिस हत्यारे तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम भालूसटका का है। पुलिस के अनुसार भालूसटका निवासी 60 वर्षीय वृद्ध श्यामलाल कंवर और उसकी पत्नी कलश बाई दोनों सब्जी बेचने का व्यवसाय करते हैं। बताया जाता है कि श्यामलाल कंवर की पत्नी कलश बाई बाजार गई हुई थी इस दौरान उसका पति श्यामलाल घर पर अकेले था जब देर शाम को कलश अपने घर पहुंची तो उसने देखा कि उसके पति की लाश लहूलुहान अवस्था पर पड़ी हुई है। अपने पति के शव को देखते ही महिला के होश उड़ गए और उसने इसकी जानकारी गांव वालों और परिजन को दी। हत्या की सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का सहित फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को खोजी डाग स्क्वायड सहित आला अधिकारी दल बल सहित मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। वृद्ध की हत्या किसने की है अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस के आला अधिकारी मामले की गंभीरता से तहकीकात में जुटे हुए हैं। संभावना जताई जा रही है कि किसी जान पहचान के व्यक्ति ने ही उसकी हत्या की है। पुलिस जल्द ही इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा लेगी।



### खास बातें

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम भालूसटका में हुई वारदात
- पुलिस अधीक्षक सहित आला अधिकारी पहुंचे घटनास्थल

# सो रहे मजदूरों को डराकर डकैती करने वाले 3 नाबालिग सहित 7 लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

सड़क निर्माण में लगी एक ठेका कंपनी के साइट में घुसकर एक दर्जन डकैतों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने वारदात में 3 नाबालिग सहित कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया है।

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क निर्माण में लगी कंपनी के लोहे के प्लेट व चैनल एंगल साइड में रखा हुआ था। 11 मार्च की देर रात एक दर्जन नकाबपोश डकैत पहुंचे थे और जहां कार्यस्थल पर सो रहे मजदूरों को जगाकर एवं मजदूरों को डरा धमकाकर एवं मारपीट कर 6 नग लोहे का प्लेट सहित हजारों के माल को लूटकर पिकअप एवं स्कार्पियो वाहन में भरकर फरार हो गए थे। प्रार्थी भूरे सिंह चौहान पिता स्व जगराम सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात डकैतों के खिलाफ अपराध ▶▶ शेष पेज 3 पर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

8 March Happy Woman's Day

हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर
सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

प्रथम पुरस्कार सोने की अंगूठी | द्वितीय पुरस्कार मिक्सर ग्राइंडर | तृतीय पुरस्कार डिनर सेट | चतुर्थ पुरस्कार इलेक्ट्रिक आयरन | विशेष पुरस्कार 5 | एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. अर्जुन पुरस्कार प्राप्त प्रथम महिला ? ..........
2. महिला एवं बाल विकास विभाग की स्थापना कब हुई ? ..........
3. आस्कर पुरस्कार जितने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..........
4. बुकर पुरस्कार प्राप्त करने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..........
5. मिस वर्ल्ड बनने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..........
6. दूरदर्शन पर समाचार पढ़ने वाली प्रथम महिला ? ..........
7. राष्ट्रीय बालिका दिवस कब मनाया जाता है ? ..........
8. सुप्रीम कोर्ट की प्रथम महिला जज ? ..........
9. भारत की प्रथम महिला IAS कौन थी ? ..........
10. अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति की सदस्य बनने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..........

प्राईमेक्स एजुकेशन
रजिस्ट्रेशन प्रारंभ
कैरियर की राहें यही से शुरू होती है!
शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) (प्राथमिक स्तर एवं माध्यमिक स्तर)
छात्रावास अधीक्षक (आदिम जाति विभाग) भर्ती परीक्षा (300 पद) की संपूर्ण तैयारी हेतु अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में क्लॉसेस
संपर्क करें- 7646997300, प्रथम तल पांडेय काम्पलेक्स, कुमार पेट्रोल पंप के बगल, निहारिका रोड कोरबा

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2. महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है। 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्ठि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2024 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा। 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़ें किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा। 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी। 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्ठि हरिभूमि के एजेंटों/संवाददाताओं/जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है।

विश्व महिला दिवस प्रविष्ठि
नाम सुश्री / श्रीमती :- ..........
पिता/पति का नाम :- ..........
स्थाई पता :- ..........
फोन/मो. नं. :- ..........
शैक्षणिक योग्यता :- ..........

फोटो यहां चिपकाएं



डॉक्टर्स सजेशन

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब चेहरे पर नजर आए डलनेस



**मेरी उम्र 33 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे चेहरे की चमक डल होती जा रही है। ऐसा क्यों हो रहा है? डाइट में क्या-क्या शामिल करूं, जिससे चेहरे की डलनेस कम हो? कृपया सजेस्ट करें?**

**-रंजीत, रोहतक**

आप अपनी डाइट में न्यूट्रिशियस फूड आइटम्स शामिल करें। साथ ही नियमित रूप में मौसमी फलों का सेवन भी जरूर करें। दोपहर के खाने में सलाद और दही जरूर लें। अपनी डाइट में फाइबर्स अधिक शामिल करें। इस तरह कुछ समय तक न्यूट्रिशियस डाइट लेने से चेहरे पर चमक वापस आ जाएगी।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। मुझे हल्का डायबिटीज है। क्या मुझे बिल्कुल मीठा नहीं लेना चाहिए या फल ले सकता हूं? लोगों के सुझाव ने भ्रमित कर दिया है, कृपया मेरी समस्या का समाधान करें।**

**-भवेश, रायपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपको हल्की डायबिटीज है, इसलिए आप खान-पान में खास सावधानी बरतें, ताकि डायबिटीज ज्यादा ना बढ़े। खाने में आलू और चावल का सेवन कम से कम मात्रा में करें। फल में आप सेब खा सकते हैं। बहुत ज्यादा मीठे फल ना खाएं। अपना शुगर लेवल चेक करते रहें, साथ ही नियमित रूप में सुबह-शाम आप सैर जरूर करें। इससे डायबिटीज कंट्रोल में रहेगी।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। ग्रीन टी पीने के कई फायदे सुनता-पढ़ता हूं। क्या सामान्य चाय के बजाय इसे पीना फायदेमंद है? यह भी बताएं कि ग्रीन टी दिन में कितनी बार पी सकते हैं?**

**-दिलजीत, भोपाल**

जी बिल्कुल, सामान्य दूध वाली चाय के मुकाबले ग्रीन टी पीना फायदेमंद होता है। यह स्वास्थ्य के लिए कई तरह से लाभदायक है, इसके सेवन से ताजगी बढ़ती है, पाचन क्रिया भी दुरुस्त रहती है। इसलिए आप ग्रीन टी पी सकते हैं। एक दिन में दो से तीन बार ग्रीन टी पीना लाभदायक रहेगा।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। मुझे डिनर के बाद मीठा खाने का मन करता है। डिनर में डेजर्ट्स में क्या ले सकता हूं, जिससे वजन ना बढ़े और जो हेल्दी भी हो?**

**-आकाश, जबलपुर**

आप रात में अगर डिनर के बाद शुगर से बनी कोई स्वीट डिश या किसी तरह की मिठाई खाएंगे तो निश्चित रूप में आपका वजन बढ़ेगा। बाजार में ड्राई फ्रूट्स से बनी बहुत सारी मिठाइयां उपलब्ध रहती हैं। आप सामान्य मिठाई के बजाय उनका सेवन कर सकते हैं। इस तरह आप स्वीट डिश खा सकते हैं और आपका वजन भी नहीं बढ़ेगा।

**मेरी उम्र 59 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पैर के पंजे में सूजन दिख रही है। ऐसा क्यों हो रहा है, यह किसी गंभीर बीमारी के लक्षण तो नहीं, मुझे क्या करना चाहिए?**

**-हरकिशन, बिलासपुर**

आपकी समस्या सुनकर लग रहा है कि आपको तुरंत शुगर की जांच करवानी चाहिए। क्योंकि शुगर बढ़ने पर पैरों में सूजन देखी जाती है। आप जनरल फिजिशियन से संपर्क करें। वह जांच करेंगे। अगर रिपोर्ट नॉर्मल आती है तो डॉक्टर और भी कुछ जांच करवाएंगे, जिससे सूजन का कारण पता चलेगा और उसका उपचार हो सकेगा।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी सूंघने की क्षमता बहुत कम हो गई है। मुझ सर्दी और जुकाम नहीं है। ऐसा क्यों हो रहा है, मुझे किस डॉक्टर से ट्रीटमेंट करवाना चाहिए?**

**-धमेंद्र, महेंद्रगढ़**

हालांकि मौसम बदलने के दौरान इस तरह की शिकायत काफी लोगों में देखी जाती है, लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि आपकी सूंघने की क्षमता कमजोर हो रही है तो बेहतर होगा कि एक बार आप जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लें। वे कुछ टेस्ट्स करवाएंगे और उस आधार पर आगे आपका ट्रीटमेंट करेंगे। वैसे अभी ऐसी चिंता की कोई बात नहीं लग रही है। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**



स्पेशलः वर्ल्ड किडनी डे

डॉक्टर्स एडवाइस

गलत लाइफस्टाइल, डाइट हैबिट या अन्य कुछ बीमारियों की वजह से किडनी डिजीज के केसेस अब काफी बढ़ने लगे हैं। किडनी फंक्शन सही ना रहने से कई तरह की शारीरिक समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में यह बहुत जरूरी है कि किडनी संबंधी रोगों के कारण, इसके लक्षण और इससे बचाव के तरीकों के बारे में आप जानें। आपके लिए एक्सपर्ट डॉक्टर्स के सजेशंस।

# किडनी डिजीज को लेकर ना बरतें जरा भी लापरवाही




किडनी इंसानी शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। किडनी रोगों की वजह से हर साल बड़ी संख्या में लोग अपनी जान गंवा देते हैं, वहीं दूसरी तरफ किडनी फेलियर के बढ़ते मामलों के कारण किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत भी तेजी से बढ़ती ही जा रही है। इसीलिए इस महत्वपूर्ण अंग के महत्व को समझाने और इसकी केयर के प्रति अवेयर करने के लिए हर साल मार्च के महीने में दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड किडनी डे मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य, किडनी के शरीर में उल्लेखनीय कार्यों और महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है।

## किडनी रोग के कारण-लक्षण

किडनी में तरह-तरह के रोग होने के कारण और लक्षण क्या-क्या होते हैं, इस बारे में पूछने पर धर्मशिला नारायणा सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में डायरेक्ट एंड सीनियर कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजी **डॉ. एल.के. झा** बताते हैं, 'किडनी के रोगग्रस्त होने के लक्षण हैं- बार-बार यूरिन आना, यूरिन पास करते समय दर्द या तेज जलन होना, यूरिन के साथ ब्लड आना, घुटनों, पैरों और अंगुलियों में सूजन होना, आंखों के आस-पास सूजन होना, कुछ भी खाने की इच्छा ना होना, शरीर की मांसपेशियों में दर्द महसूस होना आदि। जहां तक इसके कारणों का सवाल है तो घुटनों, पैरों और अंगुलियों में सूजन की वजह शरीर में प्यूरिन की मात्रा बढ़ना होता है। इस वजह से शरीर में यूरिक एसिड का लेवल भी बढ़ जाता है। इससे किडनी, यूरिक एसिड को फिल्टर करने में असमर्थ होने लगती है। अन्य कारणों में यूटीआई होना, किडनी स्टोन होना, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, पुरुषों में बढ़ा हुआ प्रोस्टेट, महिलाओं में गर्भावस्था, किसी दवा या बीमारी के कारण शरीर की इम्यूनिटी का कमजोर हो जाना और खराब लाइफस्टाइल आदि किडनी रोगों के कारण हो सकते हैं। ऐसे में आपको किडनी रोगों के लक्षणों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और बचाव के उपायों को अपनाना चाहिए।'

## किडनी रोगों से बचाव के तरीके



किडनी रोगों से बचाव कैसा किया जा सकता है, इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में चीफ एंड सीनियर कंसल्टेंट-नेफ्रोलॉजी **डॉ. राजेश अग्रवाल** बताते हैं, 'किडनी रोगों से बचाव के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, जैसे- पेन किलर कम से कम लें, बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए पेन किलर ना लें, मोटापे पर कंट्रोल करें, किडनी की समस्या से संबंधित अगर कोई फैमिली हिस्ट्री है तो समय-समय पर किडनी फंक्शन टेस्ट (केएफटी) करवाते रहें। साथ ही डॉक्टर से समय-समय पर परामर्श लेते रहें। शरीर को अधिक से अधिक मात्रा में हाइड्रेट रखने से किडनी को टॉक्सिंस निकालने में सहायता मिलती है, इसलिए दिन भर में आपको दो से तीन लीटर पानी जरूर पीना चाहिए। अधिक मात्रा में प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का और प्रोटीन सप्लीमेंट्स का सेवन ना करें, ऐसा करने से आपकी किडनी पर दबाव पड़ता है और उसकी कार्य प्रणाली प्रभावित होती है। धूम्रपान और शराब का सेवन भी किडनी की क्रियाशीलता पर विपरीत प्रभाव डालता है। इसलिए किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें।'

## इन बातों का भी रखें ध्यान

किडनी रोगों से बचाव पर ही बात करते हुए नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में डायरेक्टर एंड सीनियर कंसल्टेंट-नेफ्रोलॉजी **डॉ. सुदीप सिंह सचदेव** कहते हैं, 'डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों को किडनी रोगों से बचाव के लिए अपने शरीर में ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की नियमित निगरानी रखनी चाहिए। दर्द निवारक दवाइयों का अधिक सेवन भी किडनी पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, इसलिए इससे भी बचना चाहिए। साथ ही किडनी में किसी भी तरह की समस्या महसूस होने पर नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर से संपर्क करने में देर नहीं करना चाहिए।'

## डायबिटीज-हाई बीपी से गहरा संबंध



क्रॉनिक किडनी रोग का डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के साथ गहरा संबंध है। वर्ल्ड किडनी डे, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर वाले रोगियों की क्रॉनिक किडनी रोग के प्रति जरूरी जांच को भी प्रोत्साहित करता है। इस दिन को मनाने का प्रयास यह रहता है कि अधिक से अधिक लोग किडनी की हेल्थ के बारे में जागरूक रहें। *

उपयोगी औषधि

# किडनी रोगों में कारगर है गोखरू



गोखरू या गोक्षुर एक छोटा सा क्षुप (झाड़ीनुमा पौधा) है। यह जमीन पर फैलता है और जब मानसूनी बारिश होती है, यह अपने आप उग आता है। यह एक जड़ी-बूटी है। आयुर्वेद में इसका इस्तेमाल वात, पित्त और कफ को नियंत्रित करने के लिए रामबाण के तौर पर किया जाता है। गोखरू का फल, पत्ता और तना यानी इसके करीब-करीब सभी हिस्से जबरदस्त आयुर्वेदिक औषधि का भंडार होते हैं। इस पौधे की ऊंचाई कम होती है, इसलिए इसमें कई टेढ़े-मेढ़े तने निकले होते हैं। ये ऐसे भू-भाग में उगते हैं, जहां खूब झाड़ियां होती हैं।

क्षुप के बीज को गोखरू कहते हैं और इन्हें बाजार में इसी नाम से खरीदा जा सकता है। इसका वैज्ञानिक नाम ट्रिबुलस टेरेस्ट्रिस है। गोखरू का तरह-तरह की बीमारियों में सदियों से इस्तेमाल होता रहा है। गोखरू, आयुर्वेदिक दवाइयों का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं, इसलिए ये बाजार में काफी महंगे भी बिकते हैं। गोखरू के औषधीय सेवन से महिला और पुरुषों में बांझपन की समस्या दूर होती है। इस औषधि में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। जिनमें क्वेरसेटन, केंफेरोल, सैपोनिन, सोडियम, पोटैशियम मुख्य रूप से शामिल होते हैं। इसके अलावा विटामिन ए, कैल्शियम और आयरन का भी यह अच्छा स्रोत है। गोखरू सीने में दर्द, एग्जिमा और बढ़े हुए प्रोस्टेट ग्लैंड के इलाज में भी कारगर है। इन तमाम वजहों के चलते इसे हेल्दी हर्ब में शुमार किया जाता है। मूत्र संबंधी रोगों और किडनी संबंधी रोगों में इसका औषधीय सेवन बहुत कारगर होता है। आयुर्वेद के अनुसार गोखरू में पोटैशियम और नाइट्रेट की मात्रा काफी अधिक होती है और इसमें मूत्रवर्धक गुण भी पाए जाते हैं। यह किडनी की पथरी को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़कर उन्हें मूत्र मार्ग से बाहर निकालने में मदद करता है। इस तरह से देखा जाए तो गोखरू का नियमित सेवन किडनी की पथरी और किडनी से जुड़ी अन्य बीमारियों में बहुत फायदेमंद है। आयुर्वेद के दशमूल नामक दस औषधियों का जो समूह है, उसमें एक प्रमुख औषधि के रूप में गोखरू की भी मौजूदगी है। इसका इस्तेमाल क्वाथ और चूर्ण के रूप में किया जाता है। यह प्रोटीन से भरपूर जड़ी बूटी है। औषधीय इस्तेमाल के अलावा गोखरू का इस्तेमाल सौंदर्य सामग्री के रूप में भी किया जाता है और इसे स्वादिष्ट व्यंजन के रूप में भी बनाकर खाया जाता है।

ध्यान रहे, किसी भी रूप में इसका इस्तेमाल अपने आप नहीं करना चाहिए। हमेशा इसे किसी योग्य-अनुभवी आयुर्वेदाचार्य या वैद्य की सलाह पर ही सेवन किया जाना चाहिए वरना इससे कई समस्याएं भी हो सकती हैं। *

**-रेखा देशराज**

फिटनेस सीक्रेट / राहुल जेठवा

# मेरे लिए फुटबॉल खेलना जीने का एक तरीका है



आजकल की बिजी वर्कस्टाइल में तंदुरुस्ती पर ध्यान देना, उसे बनाए रखना महत्वपूर्ण है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए फिजिकल एक्टिविटी वाला कोई खेल खेलना जरूरी है। खेलों से हमारी शारीरिक गतिविधि बढ़ती है, साथ ही इससे मन का तनाव दूर होता है, मजा आता है और सामाजिक जुड़ाव बनता है। एंडटीवी के सीरियल 'अटल' में अवध बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे राहुल जेठवा भी स्वस्थ शरीर और जीवनशैली में खेलों की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हैं। अपने पसंदीदा खेल और तंदुरुस्ती के लिए इसके शारीरिक और मानसिक लाभ के बारे में राहुल बताते हैं, 'मेरा सबसे पसंदीदा खेल फुटबॉल है। मेरे लिए फुटबॉल सिर्फ एक खेल नहीं है, बल्कि जीने का एक तरीका है। यह मुझे स्थिर रखता है और ऊर्जा से भर देता है। इसे चाहे बीच पर मस्ती के लिए खेलूं या मैदान पर दोस्तों के साथ। फुटबॉल खेलने के कारण मैं दिनभर सक्रिय रहता हूं, इससे शरीर लचीला बनता है और मेरा स्टेमिना बढ़ता है। आज के दौर में दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोग स्मार्टफोन, टैब या टीवी स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताते हैं, इनएक्टिव बने रहते हैं, इससे आलस से भर जाते हैं। ऐसे में बॉल का पीछा करने का रोमांच सबसे बढ़िया होता है। इसका मतलब सिर्फ मैच जीतने से नहीं है; यह अच्छी हेल्थ और आपसी बॉन्डिंग को बढ़ावा देकर जिंदगी में जीतना सिखाता है। फुटबॉल में टीम के साथ काम करने से दोस्ती निभाने की प्रेरणा मिलती है। हर किक और दौड़ मुझे जोश से भर देती है। मुझे पता रहता है कि यह मैं अपने शरीर और दिमाग की सेहत के लिए कर रहा हूं। इससे याद रहता है कि जिंदगी की सबसे बड़ी जीत सक्रिय रहने, आउटडोर जाने, हंसी-मजाक और दोस्ती के साथ खूबसूरत पल संजोने में है।' *



**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

डाइट

राजकुमार दिनकर

वैसे तो सभी फल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। सभी में कोई ना कोई विशेष गुण होता है, लेकिन विशेष रूप से काले रंग के फल विटामिंस, एंटीबैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। ऐसे ही कुछ काले फलों के बारे में जानिए।

# स्वास्थ्य के लिए लाभकारी काले फल



आमतौर पर रंग-बिरंगे फल-सब्जियों के गुणों के बारे में खूब चर्चा होती है। लेकिन कुछ ऐसे फल भी हैं, जो देखने में काले रंग के होते हैं, लेकिन पौष्टिकता और शरीर की इम्यूनिटी के लिए ये काले रंग वाले फल किसी वरदान से कम नहीं होते हैं।

**काला सेब :** काला सेब को ब्लैक डायमंड एप्पल भी कहा जाता है। सेहत के लिए इसे वाकई हीरा कहें तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है। क्योंकि काले सेब में हीरे से भी कीमती खूबियां होती हैं। यह पौष्टिक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन ए और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को जबरदस्त ढंग से बढ़ाते हैं। यह आंखों के लिए फायदेमंद है। शरीर के बढ़े कोलेस्ट्रॉल को कम करता है, लाल रक्त कोशिकाओं को बनाने और आयरन को अवशोषित करने में मददगार होता है। इस तरह काला सेब, हृदय के स्वास्थ्य के लिए बेहद शानदार माना जाता है। इसमें आयरन, विटामिन-बी12 के साथ भरपूर मात्रा में राइबोफ्लेविन भी पाया जाता है।

**काले अंगूर :** वैसे तो हरे अंगूर भी स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद हैं, लेकिन काले अंगूर का तो कहना ही क्या! इसमें कई तरह की खूबियां पाई जाती हैं। काले अंगूर दिल की बीमारियों के लिए फायदेमंद होते हैं। फेफड़े के कैंसर को रोकने में मददगार होते हैं। अल्जाइमर यानी याद्दाश्त गड़बड़ होने की बीमारी को रोकते हैं। काले अंगूर के सेवन से कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में रहता है।

**काले जामुन :** शायद ही कोई ऐसा शख्स हो, जिसे काले जामुन खाना पसंद ना हो। बेहद स्वादिष्ट काले जामुन का हर हिस्सा भरपूर पौष्टिक होता है। इसकी गुठली बेर की तरह सख्त और ऊपर गुठली में लगा गूदा नरम और रसीला होता है। पेट के मरीजों के लिए जहां जामुन बहुत फायदेमंद होता है, वहीं डायबिटीज के मरीजों के लिए तो यह रामबाण है। जामुन ऐसा फल है, जिसका हर हिस्सा पौष्टिकता से भरपूर है। चाहे इसका गूदा हो, चाहे इसका रस हो या चाहे इसकी गुठली ही क्यों ना हो। इसलिए काले जामुन को डिवाइन फ्रूट यानी दैवीय फल भी कहा जाता है।

**ब्लैकबेरी:** भले खरीदने में ब्लैकबेरी बहुत महंगी हो, लेकिन इसकी कीमत को इसकी पौष्टिकता से आंकें तो यह ज्यादा नहीं लगेगी। ब्लैकबेरी में विटामिन-सी, विटामिन-ए, विटामिन-ई, विटामिन के और फाइबर भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। यह भी टाइप-2 डायबिटीज और दिल के रोगियों के लिए किसी रामबाण से कम नहीं। इसे खाने से स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर का खतरा कम होता है। ब्लैकबेरी कमाल का सुपर फ्रूट है।

**काले शहतूत :** काले शहतूतों में पैक्टिन नामक एक फाइबर पाया जाता है। यह फाइबर आंतों से स्टूल को आसानी से गुजरने में मदद करता है। मतलब यह कि शहतूत पाचन को दुरुस्त करता है। यह कब्ज, सूजन और पेट की ऐंठन से छुटकारा दिलाता है। काले शहतूत में विटामिन-ए, विटामिन-ई, पोटैशियम, फास्फोरस भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जिससे यह त्वचा के लिए बहुत अच्छा होता है। इसे नियमित खाने से त्वचा के दाग-धब्बे और खुरदुरापन दूर हो जाता है। *



13 korba-Bhoomi pg3_Layout 1 3/14/2024 12:08 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### छग राज्य विद्युत वितरण संहिता के प्रस्ताव पर श्रमिक संगठन ने जताई आपत्ति

**कोरबा।** छग विद्युत नियामक आयोग की 6 मार्च की जन सुनवाई में स्मार्ट प्री-पेड मीटर योजना एवं छग राज्य विद्युत वितरण संहिता के प्रस्ताव पर सेवानिवृत्त विद्युत अभियंता संघ एवं अन्य श्रमिक संगठनों द्वारा आपत्ति दर्ज की है। छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत नियामक आयोग के समक्ष अपनी याचिका में वितरण कार्यक्षमता में वृद्धि एवं विद्युत मंत्रालय की आरडीएसएस योजनांतर्गत नई तकनीक पर आधारित प्री-पेड मीटर लगाए जाने का प्रस्ताव रखा गया है, जिस पर 6 मार्च की जन सुनवाई में अभियंता संघ एवं अन्य श्रमिक संगठनों द्वारा आपत्ति एवं अनेक सुझाव तथ्यों के साथ नियामक आयोग के समक्ष क्रियान्वयन के पूर्व विचारार्थ रखे गए हैं। छग विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन-01 के महासचिव आरसी चेट्टी ने उक्त जानकारी देते हुये बताया कि नियामक आयोग के समक्ष वितरण कंपनी द्वारा रखे गये प्रस्ताव यथोचित नहीं है। उन्होंने बताया कि इस योजना पर कंपनी द्वारा 3 हजार से 4 हजार करोड़ का पूंजीगत व्यय की आवश्यकता है, जिसका अंततः प्रभाव सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं पर पड़ता है। विशेष रूप से छोटे घरेलू एवं वाणिज्यिक श्रेणी के उपभोक्ताओं पर इसका विपरित प्रभाव पड़ेगा एवं कंपनी को भी इसमें किसी भी प्रकार की राजस्व वृद्धि का लाभ प्राप्त नहीं होगा।

### केंद्र की तरह राज्य के कर्मचारियों को भी मिले 5 प्रतिशत डीए : दुबे

**गेवरा-दीपिका।** शालेय शिक्षक संघ ने एक बार फिर केंद्र सरकार की तरह राज्य सरकार को भी डीए देने की मांग की है।



शालेय शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी भवदीप दुबे ने राज्य सरकार से केंद्र सरकार की तरह राज्य के शासकीय कर्मचारियों को डीए दिए जाने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की मांग की है। साथ ही जल्द से जल्द इस संबंध में दिशा निर्देश जारी करने की बात कही है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मियों को पांच प्रतिशत

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिराम यादव पिता नान ठाकुर जाति यादव निवासी मलगांव तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के अपने पुत्र रामेश्वर पिता हरिराम यादव की जन्म दिनांक 04.03.2005 स्थान मलगांव तहसील दीपका में घर में जन्म होने के कारण पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के अंतर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, अनुपलब्धता एवं अन्य दस्तावेज सहित इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 14/03/2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनांक 27/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी, दीपका तह. कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## राशिफल

**मेष** – कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** – परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** – व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** – मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

## शिकायत पर शिक्षा विभाग ने लिया संज्ञान, छात्रों ने ऑनलाइन भरा था परीक्षा फार्म

# ओपन परीक्षा के नियमों से विभाग बेखबर यूपी से परीक्षा देने आए छात्रों की हुई परेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य सरकार द्वारा 9 मार्च से शुरू की गई ओपन बोर्ड परीक्षा दिलाने उत्तर प्रदेश से 24 छात्र जिले के तिलकेजा परीक्षा केन्द्र पहुंचे। ग्रामीणों की शिकायत पर इस मामले में शिक्षा विभाग ने संज्ञान लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव से परीक्षा के आवेदन के संबंध में जारी की गई शर्तों की जानकारी मांगी है, वहीं उरगा पुलिस उन छात्रों को अपने साथ ले गई है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा प्रतिवर्ष 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 9 मार्च से प्रारंभ की गई है। परीक्षाओं के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष ऑनलाईन आवेदन परीक्षार्थियों से भराए गए थे। जिसके तारतम्य में स्थानीय छात्रों के साथ-साथ अन्य प्रदेशों के छात्रों ने भी आवेदन भर दिए और उन्हें परीक्षा केन्द्र आबंटित भी कर दिया गया। तिलकेजा में ओपन बोर्ड परीक्षा का केन्द्र बनाया गया है, यहां 24 छात्र प्रवेश पत्र लेकर परीक्षा देने पहुंचे हैं। जिनके द्वारा परीक्षा केन्द्राध्यक्ष को प्रवेश पत्र दिखाकर परीक्षा में बैठे। बीते चार दिन से उनके द्वारा परीक्षा दिलाई जा रही थी। बुधवार को इस मामले की शिकायत शिक्षा विभाग के साथ-साथ पुलिस विभाग को भी दी गई। तिलकेजा गांव में करीब 24 परीक्षार्थी यूपी से ओपन स्कूल में परीक्षा देने पहुंचे है। सभी परीक्षार्थी कोरबा को ही क्यों चुने हैं यह एक बड़ा सवाल है, जबकि यूपी से सटे हुए कई राज्य है जहां ओपन स्कूल की परिक्षाएं होती है। छत्तीसगढ़ में भी कई जिले हैं जहां परीक्षाएं होती है। जिले में भी कई गांव और स्कूल हैं जहां ओपन की परीक्षाएं होती है, लेकिन अकेले तिलकेजा गांव को चुनना कई सवालों को जन्म दे रहा है। सभी परिक्षार्थी इस वक्त सासद आर्दश ग्राम के सामुदायिक भवन में ठहरे हुए हैं।



ओपन परीक्षा देने पहुंचे यूपी के छात्र।

### शिक्षा विभाग की टीम पहुंची केन्द्र

सूचना मिलने पर शिक्षा विभाग के एचआर मिरेन्द्र के नेतृत्व में टीम परीक्षा केन्द्र तिलकेजा पहुंचकर उत्तर प्रदेश से आए छात्रों के नाम और पता की जानकारी ली। बताया जाता है कि परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन दिए जाने की वजह से माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इसके संबंध में क्या निर्देश दिए हैं इसकी जानकारी विभाग के पास भी नहीं है। इसके लिए विभाग के द्वारा सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल को पत्र लिखा जा रहा है। ओपन बोर्ड परीक्षा हेतु छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है या नहीं इसकी जानकारी सचिव से ली जा रही है।

### ली जा रही है जानकारी

परीक्षा के ऑनलाईन फार्म भराए गए हैं, इसके लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने क्या नियम शर्ते लागू की है इसकी जानकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव से ली जा रही है।

-एचआर मिरेन्द्र,
सहायक संचालक, शिक्षा विभाग

# मोटर सायकल व बैंक में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

थाना पाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नुनेरा निवासी पंचराम पिता शिजलाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 फरवरी की शाम 6.30 बजे अपने मोटरसायकल क्र. सीजी 12 एएल 6968 से डूमरकछार बाजार गया था। मोटर सायकल को बाजार के पास गोंगपा कार्यालय के पास खड़ा कर बाजार करने चला गया था। बाजार कर वापस जब पंचराम वापस अपने मोटर सायकल के पास आया तो उसकी मोटर सायकल वहां पर नहीं था। आसपास पता तलाश किया नहीं मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कराया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी में जुट गई। पतासाजी के दौरान पाली पुलिस को मुखबीर सूचना मिली कि गोपालपुर चैतमा के पास एक बिना नम्बर एचएफ डिलक्स मोटरसायकल में बिसाहू राम एवं प्रमोद गोड़ नाम का दो व्यक्ति आए हैं। सूचना मिलने पर पाली पुलिस मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दोनों व्यक्तियों से पूछताछ किया। पूछताछ पर दोनों आरोपियों ने बताया कि 17 व 18 दिसंबर 2023 की दरम्यानी रात ग्राम कांजीपानी स्थित पंजाब एण्ड सिंध बैंक का ताला तोड़कर एसीईआर कंपनी का मानिटर और 25 फरवरी को डूमरकछार बाजार के पास से मोटरसायकल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक नग एसीईआर कंपनी का मानिटर एवं मोटरसायकल को बरामद किया गया है। पुलिस ने पोटापानी गडईहापारा चैतमा निवासी आरोपी विसाहू राम चौहान उम्र 23 वर्ष पिता रामायण सिंह चौहान और कोरबी पसान निवासी प्रमोद गोड़ उम्र 20 साल पिता गोविंद सिंह गोड़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। पूर्व में ग्राम कांजीपानी स्थित पंजाब एण्ड सिंध बैंक में हुए चोरी की घटना के संबंध में प्रार्थी संतोष एक्का की रिपोर्ट पर अप.क्र. 490/2023 धारा 457, 380 भादवि कायम किया गया था।

### खास बात

- गोपालपुर चैतमा के पास मोटर साइकिल में घूम रहे थे आरोपी

# वनांचल में ग्रामीणों को चौपाल लगाकर पुलिस कर रही जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देश में जनप्रतिनिधि एवं किसानों का बैठक लिया जाए सजग कोरबा के तहत उन्हें जागरूक किया जाए। थाना व चौकी प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव में रहने वाले ग्रामीण कृषक मितानिन एवं जनप्रतिनिधियों का बैठक बुलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना व चौकी प्रभारी एवं उनके स्टाफ के द्वारा ग्राम पंचायत भवन में जन प्रतिनिधि और ग्रामीणों का बैठक लिया गया बैठक में उपस्थित लोगो को वर्तमान में सरहदी जिलों में हुई उठाईगीरी की घटनाओं के संबंध में लोगो को बताया गया और किस गलती के कारण वहां घटना घटित हुआ उसके बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया एवं लोगों को इस संबंध में समझाइश दिया गया कि कभी भी बैंक जाएँ तो हमेशा अकेले न जाकर दो तीन लोगो को साथ लेकर जाए, किसी अनजान लोगो से बात न करे और सीधे घर जाएँ, कहीं पान ठेला या चाय ठेला में न रुके इस बैठक में ग्राम पंचायत पोड़ी के सरपंच, वहां के पांच मितानिन एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर इस बैठक में हिस्सा लिए। सजग कोरबा के तहत पैंपलेट सभी को वितरण किया गया और पैंपलेट के माध्यम से सजग कोरबा का प्रचार करने के लिए निवेदन किया गया। पुलिस के द्वारा लिए गए बैठक में महिलाओं को समझाइश दिया गया कि महुवा का सीजन आने वाला है जब भी महुवा बीनने जाएँ तो अकेले महिलाएँ जंगल न जाए और न ही बच्चे बच्चियों को महुवा बीनने जंगल तरफ भेजे। महुवा बीनने हमेशा तीन चार लोग एक साथ जाए। इसके अतिरिक्त उपस्थित लोगो को साइबर अपराध होने पर नजदीकी थाने या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 में तुरंत फोन कर अपनी शिकायत दर्ज कारवाना है। एटीएम संबंधी ठगी के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया, सेक्सटार्शन एवं महिला संबंधी अपराध की जानकारी दिया गया।



चौपाल के दौरान उपस्थित ग्रामीण।

### आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**कोरबा।** सफलता के सूत्र और जीवन के लिए अच्छी सीख देने के साथ शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोड़मा रजगामार में आठवी कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। इस कार्यक्रम को आशीर्वाद समारोह का नाम दिया गया। छात्रों ने इस अवसर पर शिक्षकों का आशीर्वाद लिया। कोरबा विकासखंड के ग्राम गोड़मा में माध्यमिक शिक्षा की व्यवस्था सरकार की ओर से कराई गई है जिसका लाभ आसपास के विद्यार्थियों को मिल रहा है। ग्रामीण परिवेश के बच्चों को शिक्षकों के द्वारा पाठ्यक्रम के अलावा व्यवहारिक शिक्षा भी दी जा रही है। आठवी के बाद हाई स्कूल की शिक्षा के लिए छात्रों को दूसरे विकल्प चुनने होंगे।



# प्रेस क्लब परिवार के लिए आयोजित शो में जादूगर का सम्मान

**कोरबा।** जादू कला के क्षेत्र में देश के विख्यात जादूगर सम्राट अजूबा का विश्व प्रसिद्ध इंद्रजाल मैजिक शो का आयोजन 16 फरवरी से शहर के बुधवारी बाजार के पास स्थित जैन मंदिर परिसर भवन में चल रहा है। जहां शनिवार कोरबा प्रेस क्लब परिवार के लिए विशेष शो का आयोजन किया गया। शो देखने के लिए प्रेस क्लब के पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में सदस्य सपरिवार पहुंचे। जादूगर सम्राट अजूबा ने 2 घंटे के शो में ऐसे हैरत अंगेज जादू दिखाए कि वहां मौजूद हर किसी के मन को आनंद और सुखद अनुभूति से भर दिया। चमत्कार दृष्टि पटल पर तेज रफ्तार फिल्म की मानिंद शो गुजरती रही। हर एक जादू पर विस्मित होकर पत्रकार व उनके परिवार के सदस्य आनंदित होते रहे। दो घंटे के शो में तालियों की गड़गड़ाहट और हंसी के जोरदार ठहाके लगे। जादूगर अजूबा ने अपने दो घंटे के शो में कभी दर्शक दीर्घा से पहुंची लडकी को दस फीट ऊपर हवा में उड़ा कर दर्शको को चकित किया तो कभी खाली हाथ से रूपयों की बरसात कर लोगो को हतप्रभ कर दिया। जादूगर सम्राट अजूबा का अंडर वाटर डेथ चैलेंज मैजिक तो ऐसा था जिसे देख दर्शको को अपनी ही आंखो पर भरोसा नहीं हो रहा था कि वो मंच पर जो देख रहें है वह सच है या खुली आंखों से देखा गया कोई सुंदर सपना।

### जादूगर सम्राट अजूबा का किया गया सम्मान

जादूगर सम्राट अजूबा की ओर से पत्रकारों व उनके परिवार के सदस्यों को आमंत्रित करते हुए विशेष शो का आयोजन करने और जादू के शो में आमजन को पानी बचाओं, पर्यावरण बचाओं, बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं का संदेश देकर जागरूक करने पर कोरबा प्रेस क्लब की ओर से उनकी सराहना की गई। साथ ही क्लब के संरक्षक कमलेश यादव, सचिव दिनेश राज, वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र कुमार पालीवाल, सदस्य मधु डिडवानिया, सत्यनारायण पाल, दीपक साहू, नागेंद्र श्रीवास, अनुप जायसवाल, अरविंद अग्रवाल ने शॉल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर जादूगर सम्राट अजूबा का सम्मान किया।

### रविवार को जादूगर का शहर में अंतिम शो

शहर में जादूगर के शो को रविवार 17 मार्च को एक माह पूरा हो रहा है। जादूगर सम्राट अजूबा ने बताया कि रविवार को शहर में उनका अंतिम शो होगा। जिसके बाद वे दूसरे शहर में जादू का शो करने रवाना हो जाएंगे। उनके मुताबिक ऊर्जानगरी कोरबा में कोरबा प्रेस क्लब समेत विभिन्न संस्थान ने उनका जादू का शो देखा और आत्मीयता के साथ उनके कला का सम्मान भी किया। ऐसा बहुत कम शहरों में होता है। इसके लिए उन्होंने कोरबा प्रेस क्लब समेत अन्य संस्थान की सराहना की।

### सेंट्रल वर्कशॉप में मना राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा दिवस

**कोरबा।** नेशनल सेफ्टी काउसिंल आफ इंडिया के तत्वाधान में राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा दिवस एवं सुरक्षा सप्ताह 4 से 10 मार्च तक मनाये जाने संबधी दिशा निर्देश के अनुपालन में सेण्ट्रल वर्कशॉप कोरबा प्रांगण में 53वॉ राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस एवं सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ कर्मचारी श्याम सिंह मरावी द्वारा सुरक्षा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सेण्ट्रल वर्कशॉप कोरबा के महाप्रबंधक व्हीडी जेवियर, कार्यप्रबंधक पीसी ओझा एवं समस्त विभागाध्यक्षों, शॉप प्रभारियों, अधिकारियों, कर्मचारी एवं महिला कर्मचारियों की उपस्थिति में धीरज कुमार, प्रबंधक द्वारा सुरक्षा शपथ दिलाई गयी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पलाश के फूलों...

बताया जाता है कि कोरबा वनमंडल में इस वर्ष लगभग ढाई सौ क्विंटल पलाश का फूल खरीदने का लक्ष्य मिला है। जिसके लिए जंगलों में वन विभाग द्वारा पलाश के फूल का संग्रहण कर रहे हैं। आदिवासी परिवारों से खरीदी करने का दौर शुरू किया जा चुका है तो वहीं दूसरी ओर कटघोरा वनमंडल में भी पलाश के फूलों का संग्रहण करने वाले परिवारों से पलाश के फूलों की खरीदी की जा रही है। बताया जाता है कि इस साल जंगल में बेहतर पलाश के फूल हैं।

### सो रहे मजदूरों ...

पंजीबद्ध कर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी व उनकी टीम आरोपियों की धरपकड़ के लिए मामले की छानबीन में जुटे हुए थे। इस बीच मुखबीर की सूचना पर पुलिस की टीम ने भांठीकुड़ा हनुमान चौक थाना हरदीबाजार निवासी हेमंत कुमार चौहान उम्र 21 वर्ष पिता रविशंकर चौहान, धीरज कुमार चौहान उम्र 19 वर्ष पिता मानिकचंद चौहान, डिपरापारा मानिकपुर निवासी विनय बंजारे उर्फ छोटू उर्फ भूरन उम्र 18 वर्ष पिता गुलाबचंद बंजारे, ग्राम उमरेली निवासी खिलेश्वर देवांगन उर्फ ननकु उम्र 27 वर्ष पिता सीताराम देवांगन एवं 3 विधि से संघर्षरत बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से लुटे हुए 6 नग सेटरिंग प्लेट, घटना में प्रयुक्त वाहन पिकअप व स्कार्पियो वाहन को जप्त कर लिया है।

# जब तक समाज में महिलाओं को सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक विकास असम्भव: निशांत





महिलाओं को सम्मानित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में नारी सम्मान का पर्व विश्व महिला दिवस नारी सशक्तिकरण के रुप में साथ मनाया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुखेंदु सिंह राय एवं देबाशीष परिदा ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रमुख रुप से आमंत्रित अतिथियों कटघोरा डीएफओ निशांत कुमार, प्रेसीडेंट एसीबी महिला समिति डॉ शशि सिंधु, सीनियर साफ्टवेयर इंजीनियर, सम्भवी सिंह, मिसेस कैथलीन मजिस्ट्रेट दर्री), श्रीमती ज्योति नरवाल, श्रीमती अमृता गुप्ता, श्रीमती वंदना चौधरी, श्रीमती सुनिता साहू, श्रीमती रेखा सहारन, श्रीमती संगीता वर्मा, श्रीमती चंद्रा विशेष रुप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रमुख रुप से आ मं ि त्र त अतिथियों ने विद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गुप्ता, शैक्षणिक प्रभारी सब्यसाची सरकार एवं श्रीमती सोमा सरकार के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की । विश्व महिला दिवस के इस अवसर पर विद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिला अतिथियों को विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती स्वाति सिंह के द्वारा तिलक लगाकर एव पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथयों के प्रति सम्मान एवं स्नेह प्रकट करते हुए आईपीएस दीपका की शिक्षिकाओं ने कर्णप्रिय स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात विद्यालय के नृत्य प्रशिक्षक हरिशंकर सारथी एवं रुमकी हलधर के दिशा

## शब्द पहेली - 5452



**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 5451 का हल



## सूडोकु नवताल - 5463

✱✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5462 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## खबर संक्षेप

### सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम आज

**कोरबा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन 14 मार्च को सुबह 11 बजे से कोरबा जिले के पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड के पसान मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। कार्यक्रम में उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय, लोकसभा सांसद कोरबा श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, विधायक पाली-तानाखार तुलेश्वर सिंह मरकाम, विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, विधायक रामपुर फूलसिंह राठिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, जनपद अध्यक्ष पोड़ी उपरोड़ा श्रीमती संतोषी पेन्द्रों व सरपंच ग्राम पंचायत पसान श्रीमती विनीता देवी तंवर शामिल होंगे।

### 10 मीटर भी नहीं छोड़ा सेफ्टी जोन



**हरदीबाजार।** एसईसीएल दीपका कोयला खदान प्रबंधन कोयला उत्खनन में इतना मशगूल हैं कि उसे घना आबादी क्षेत्र तक का ख्याल नहीं है। दीपका कोयला खदान खुली खदान है जो ग्राम मलगांव, हरदीबाजार वह दर्रा खांचा आमगांव के एकदम नजदीक आ चुका हैं। सबसे ज्यादा परेशानी मलगांव वह हरदीबाजार वासियों को हो रही है। ज्ञात हो कि ग्राम मलगांव के सभी मकानों का नापी हुए 2 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन आज तक मकान मुआवजा में विसंगति होने अर्थात मकानों का मुआवजा राशि कम बनने, बसाहट का सार्थक निर्णय नहीं होने साथ ही नौकारी जैसे बुनियादी हक नहीं मिल पाया है। ऐसे में ग्रामवासी अपना मकान जमीन कैसे छोड़े। वहीं हरदीबाजार शांतिनगर, शिक्षक नगर व महाविद्यालय खदान में हो रहे रोजाना हैवी ब्लास्टिंग से समस्या काफी बढ़ गई है।

### गुजराती समाज की महिलाओं ने आयोजित किया जागरूकता अभियान



**कोरबा।** संतुलित आहार एवं तनाव रहित नियमित दिनचर्या से पीसीओडी की समस्या से महिलाएं एवं युवतियां सुरक्षित रह सकती है। उकताशय के विचार भारतीय योग संस्थान की क्षेत्रीय प्रमुख आभा अग्रवाल ने विशेष सेमिनार में व्यक्त किए। यह सेमिनार अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुजराती समाज की महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत पाटीदार भवन में आयोजित किया गया था। योग प्रशिक्षका श्रीमती आभा अग्रवाल ने इस अवसर पर महिलाओं को मेनोपॉज, फाइब्रॉयड एवं पीसीओडी की समस्या पर विस्तार से चर्चा करते हुए इससे बचाव एवं उपचार की जानकारी दी। नियमित विशीष्ठ योग अभ्यास, प्राणायाम एवं प्राकृतिक चिकित्सा से उपरोक्त सभी समस्याओ का प्रभावी निदान संभव है। इस अवसर पर गुजराती महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती लीला बेन, एवं सचिव श्रीमती कल्पना बेन के साथ महिलाएं एवं युवतियां उपस्थित थीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में भारतीय योग संस्थान की अंजलि केसरवानी, कंचन जायसवाल, पुष्पा अग्रवाल, ज्योति भिवानीयां, रंजना मित्तल, अनिता प्रसाद, रितु मित्तल, पारूल सरकार, रेखा पोद्दार एवं भारती पटेल ने विशेष योगदान प्रदान किया।

### पूर्व विधायक ने सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण



**हरदीबाजार।** बाकी मोंगरा वार्ड क्रमांक 67 में विधायक मद राशि 15 लाख रुपए की लागत से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण कटघोरा के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर के द्वारा किया गया। पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने संत पूजा अर्चना कर कबीर आश्रम में नवनिर्मित कबीर सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। श्री कंवर ने कहा कि इस भवन के बन जाने से समाज के लोगों को सामुदायिक कार्यक्रम व धार्मिक अनुष्ठान करने में अब सुविधा होगी। वहीं समाज के लोगों को समाजिक एकता बनाकर सभी लोगों को साथ में लेकर चलने की बात समाज के प्रबुद्धजनों से कही। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता अमारु दास महंत ने की। इस दौरान दिनेश दीवान, रामदास दीवान, राममूर्ति दूबे, टीकाराम मनहर, मंगलदास महानंद, बाबूदास दीवान, सावन दास, संजू, गौरी राठौर, श्यामदास, बुधवार दास, जसदीप, सुश्री श्रुतिका, संतोषी चौहान, त्रिभुवन सिंह कंवर, फिरोज अनंत, ध्रुव कुमार यादव, अनंतराम चौहान, कृतराम जांगड़े एवं सत्या कंवर सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित थे।

## नगर निगम ने संचालन व मेंटनेंस के लिए शासन को भेजा प्रस्ताव

# शहर की सड़कों में अब चलेंगी प्रदूषण मुक्त पीएम ई-बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहरवासी अभी तक ई-रिक्शा व स्कूटी का सफर कर रहे हैं। कम दूरी की सफर के लिए आने वाले दिनों में जल्द ही ई-बस सेवा की सौगात मिलेगी। आगामी मई से जून माह तक ई बस सेवा शुरू होने की संभावना है। बस संचालन के लिए केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य विभाग ने 169 शहरों की सूची जारी की है। जिसमें कोरबा शहर का नाम भी शामिल है।

**खास बात**

- केंद्र सरकार की घोषित 169 शहरों की सूची में कोरबा भी शामिल

राज्य में प्रदूषण पर रोकथाम के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से पीएम ई-बस योजना शुरु की जा रही है। प्रथम चरण में प्रदेश के चार बड़े शहरों के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। जिसके तहत औद्योगिक नगरीय कोरबा में भी ई-बसों के रख रखाव व परिचालन व्यवस्था के लिए नगर निगम द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। केंद्र सरकार से मंजूरी के बाद जल्द ही ई-बस सेवा की शुरुआत की जाएगी। शहर के बसाहट क्षेत्रफल का जिस तरह से लगातार विस्तार हो रहा है उस दिशा में आवागमन व्यवस्था को दुरूस्त करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस कड़ी में केंद्र सरकार ने ई-बस सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। पर्यावरण संरक्षण में पीछे और प्रदूषित शहर की दृष्टि से कोरबा शहर ई-बस सेवा का शुरू होना एक तरह से मील का पत्थर साबित होगा। पीएम ई-बस सेवा के नाम से शुरू होने वाली इस यात्री सेवा सके के लिए केंद्रीय आवासन व शहरी कार्य मंत्रालय ने कई मापदंड निर्धारित किए हैं। इस कड़ी में 20 से 40 लाख की आबादी वाले शहरों को 150, 10 से 20 लाख तथा पांच से 10 लाख आबादी वाले शहरों को सौ-सौ व 5 लाख से कम आबादी वाले शहरों को 50 बसें मिलेगी। योजना के दस्तावेज के अनुसार केंद्रीय सहायता बसों के चलने के किलोमीटर के लिहाज से दी जाएगी। निगम द्वारा 40 बसों के संचालन के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।



फाइल फोटो

**भेजा गया प्रस्ताव**

पीए ई-बस के रख रखाव संचालन के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन के पास भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद ई-बस सेवा का संचालन शुरु किया जाएगा। इस योजना में 80 प्रतिशत राशि केंद्र को व 20 प्रतिशत राशि राज्य सरकार को खर्च करना है। ई-बस सेवा शुरु होने से शहरवासियों को रियायत दर पर यात्रा की सुविधा मिलेगी।

- **राजकिशोर प्रसाद,** महापौर नगर निगम कोरबा

**प्रगति नगर बस स्टैंड में खड़ी हैं 26 सिटी बसें**

यात्री सुविधा के लिए 7 साल पहले शहर में 48 सिटी बसें शुरू की गई। कोरोना काल की वजह से सभी बसों के पहिए थम गए। लंबे अंतराल के बाद भी बसें अब भी सभी रूटों में शुरू नहीं हुई है। अभी भी 26 बसें दर्री के प्रतीक्षा बस स्टैंड में खड़ी हैं। आइटी, मेडिकल कालेज व पालिटेक्निक कालेज के अलावा शहर की कालोनियों की रूट में बस की सुविधा नहीं होने पर यात्री परेशान हैं। वर्तमान में 22 सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है। पीएम ई-बसों के संचालन का देखरेख संबंधित विभाग के हाथों में देना चाहिए। ठेकेदार को संचालन का काम देने पर मरम्मत में कोताही बरती जाएगी और पुरानी होने के बाद सीटी बसों की तरह ई-बसों का संचालन भी बंद कर दिया जाएगा।

**रियायत दर पर मिलेगा सफर का अवसर**

यह योजना राज्यों को मिलने वाली केंद्रीय मदद को पारदर्शी बनाने का हिस्सा है। यह योजना शहरों में मेट्रो सुविधा विकसित करने के विकल्प की दिशा में विकसित किया जा रहा है। बसों के संचालन से न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी बल्कि रोजगार का भी सृजन होगा। पीपीपी माडल की बसों में वातानुकूलित बसें भी शामिल होंगी। देश के बड़े शहरों में बस सेवा शुरू करने की कड़ी में कोरबा शहर का चयन होना बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। बसों को संचालित करने वाले संस्थान व संगठन को संबंधित विभाग के साथ एमओयू करना होगा। ई- बस सेवा शुरू होने से निजी बस संचालकों की मनमानी पर नियंत्रण होगा। यात्रियों को रियायत दर में सफर का अवसर मिलेगा।

# सागौन पेड़ों के बीमा के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक ग्रामीण सागौन पेड़ का बीमा कराने के नाम पर 40 हजार रुपए के ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।


जटगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत निवास करने वाले एक ग्रामीण के मोबाइल पर सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत महाराणा प्रताप नगर निवासी संजय कुमार साहू नामक व्यक्ति ने अपने मोबाइल फोन से अनिल कुमार यादव के मोबाइल पर फोन करके बोला कि आपने सागौन पेड़ों की कटिंग करने के लिए आवेदन दिया है, तब अनिल के हॉं बोलने पर वह सागौन पेड़ो को देखने आ रहा हूं बोला और संजय साहू अपने महिन्द्र एक्सयूव्ही 300 वाहन क्र सीजी 12 बी के 0573 में ग्राम बनखेता सागौन पेड़ को देखने आया, पेड़ों को देखने के बाद अनिल को बोला कि तुमको पैसे की जरूरत होगी तो हमारी कंपनी से लोन ले लो 20-22 लाख रूपये कम्पनी दे सकता है। जब तुम्हारे सागौन पेड़ो की कटाई होगी तो लोन का पैसा काटकर बाकी बचत पैसा तुमको वापस कर देंगे, इसके लिए हमारी कम्पनी से एग्रीमेंट कराना पड़ेगा जिसके लिए 250 नग सागौन पड़ों का बीमा करवाना होगा। आपको बीमा के लिए 98 हजार रूपये तत्काल जमा करना होगा जो पांच साल बाद 68 लाख रूपये सागौन पेड़ों का मिलेगा कहकर ज्यादा लाभ कमाने का प्रलोभन दिया। तब अनिल के द्वारा अभी उसके पास 40 हजार रूपये हैं कहने पर अनिल को संजय साहू ने अपने गुगल पे के पर पैसा ट्रांसफर करने को कहा जिस पर अनिल द्वारा संजय के एकाउंट में 40 हजार रूपये ट्रांसफर कर दिया गया और शेष रकम 58 हजार रूपये को कटधोरा बैंक से निकालकर नगद देने की बात कही थी। जब अनिल को पता चला कि वह ठगी का शिकार हो गया है तब अनिल ने तत्काल इसकी शिकायत पुलिस से की और पुलिस ने संजय साहू को गिरफ्तार कर लिया है।

# पीएम सूरज पोर्टल से आत्मनिर्भर बनने का मिलेगा अवसरः लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वंचित वर्गों के लिए आउटरीच कार्यक्रम प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम सूरज) राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ किया। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में देशभर के 525 जिलों के हितग्राहियों ने वर्चुअली जुड़कर संवाद स्थापित किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशभर के विभिन्न राज्यों के अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और स्वच्छता कार्यकर्ताओं सहित वंचित समूहों के विभिन्न सरकारी योजनाओं से ऋण सहायता प्राप्त लाभार्थियों से संवाद भी किया।

इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि वंचित वर्गों को ऋण सहायता के लिए पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल एक परिवर्तनकारी पहल है, जिससे समाज के वंचित वर्गों का उत्थान होगा। पोर्टल का उद्देश्य दलित, आदिवासी और पिछड़ों का जीवन आसान और समृद्ध बनाना है। इसके द्वारा देश भर में पात्र व्यक्तियों को बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)-सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) और अन्य संगठनों के माध्यम से ऋण सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज गरीबों के हक का पैसा सीधे उनके खातों में पहुंचता है। देश के विकास के लिए वंचित वर्ग के लोगों का आर्थिक विकास आवश्यक है। इस दौरान देश के वंचित वर्गों के एक लाख उद्यमियों के लिए ऋण सहायता स्वीकृत किया गया। प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम स्थित राजीव गांधी ओडोटोरियम में प्रदेश सरकार के वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में वंचितों वर्गों के लिए आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री देवांगन ने कहा कि पीएम सूरज पोर्टल के माध्यम से जरूरतमंद और गरीब श्रमिकों को विभिन्न प्रकार की योजनाओं जानकारी के साथ ही योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने मशीनी स्वच्छता व्यवस्था के लिए राष्ट्रीय कार्रवाई (नमस्ते) योजना के अंतर्गत सफाई मित्रों (सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों) को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपीई किट भी वितरित किया। जिसके अंतर्गत निगम अंतर्गत राजू हरिजन, एम बड़ गौरेया, शनि, विनोद, रविन्द्र कुमार सोना, संतोष कुमार महतो को पीएम सूरज आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। अंदीप, किशोरी लाल, मनोज, गौतम, विशाल सागर, विशाल चौहया, राजकरण कलशे, अरूण, पिन्शू सूरजमुखी, महेश चोटेल को पीपीई किट वितरण किया गया। नरेश यादव, हरि यादव, गंगा प्रसाद रात्रे, रोहित राम ताण्डे, चंद्रमणी चंद्रा, होलीराम साहू सहित बिलासपुर संभाग के हितग्राहियों को भी विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण वितरित किया गया।




चेक सौंपते उद्योग मंत्री लखन देवांगन।

# अंततः शिक्षा विभाग के सहायक संचालक को जारी नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नियम विरूद्ध आदेश जारी करने के मामले में अंततः शिक्षा विभाग के सहायक संचालक को कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार देख रहे एडीएम ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। शिक्षा विभाग में एक के बाद एक सामने आ रहे नये मामले से विभाग पिछले कुछ दिनों से लगातार चर्चा में बना हुआ है। कार्यवाही नहीं होने से कर्मचारियों में चर्चाएं भी सरगर्म हो गई थी। शिक्षा विभाग में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ केआर डहरिया के द्वारा डीईओ का प्रभार नहीं होने के बाद भी नियम विरूद्ध कर्मचारियों के कार्यमुक्त करने और पुनः नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए जाने के बाद से विभाग के कार्य प्रणाली चर्चा में आ गई थी। केआर डहरिया के द्वारा नियम विरूद्ध किए जा रहे कार्य को कलेक्टर अजीत वसंत ने संज्ञान में लेते हुए शिक्षा अधिकारी का प्रभार देख रहे अपर कलेक्टर विनोद कुमार नाग को कार्यवाही के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश के बाद एडीएम श्री नाग ने मंगलवार को सहायक संचालक केआर डहरिया को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। यहां यह बताना आवश्यक होगा कि श्री डहरिया के कार्यप्रणाली से आक्रोशित होकर विभाग के लिपिकों ने कलेक्टर को पूर्व में भी शिकायत की थी। श्री डहरिया ने गोढ़ी के शिक्षक द्वारा त्यागपत्र दिए जाने के बाद पुनः नियुक्ति आदेश जारी किए थे। हालांकि उन्होंने इसे हड़बड़ी में जारी किया जाना बताया है। इसके अलावा पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के शिक्षक को भी श्री डरिया ने अपने ही आदेश से कार्यमुक्त किया है। डहरिया की नियुक्ति शासन स्तर से प्रतिनियुक्ति के तौर पर सहायक संचालक के पद पर की गई है, उनका मूल पद व्याख्याता है।

**खास बातें**

- कलेक्टर क निर्देश पर एसडीएम ने जारी किया आदेश
- नियम विरुद्ध आदेश जारी करने का मामला सामने आने के बाद हुई कार्यवाही

**जारी की गई है नोटिस**

शिक्षा विभाग के सहायक संचालक के पद पर पदस्थ केआर डहरिया को विभाग में नियम विरूद्ध कार्य करने और आदेश जारी करने के मामले में नोटिस जारी करने की कार्यवाही की गई है।

- **विनोद कुमार नाग,** एडीएम, कोरबा

# सरकार बदलते ही कोरबा में दो अधिकारियों की वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सत्ता बदलते ही कम समय गुजारने वाले अधिकारियों का बस्तर संभाग स्थानांतरण कर दिया गया। वहीं पूर्व में पदस्थ रहे अधिकारियों की कोरबा जिले में पुनः पदस्थापना कर दी गई है। विधानसभा सत्र समाप्ति के बाद स्थानांतरण का जो दौर शुरू हुआ वह आचार संहिता के लागू होने के पूर्व तक जारी रहेगा।

**खास बात**

- पूर्व तहसीलदार टीआर भारद्वाज, पूर्व महिला बाल विकास विकास अधिकारी रेणु प्रकाश का हुआ कोरबा स्थानांतरण

सरकार द्वारा अधिकारियों के किए जा रहे स्थानांतरण से कोरबा जिला भी अछूता नहीं है। एडीएम प्रदीप साहू के स्थानांतरण के बाद कटघोरा एसडीएम ऋचा सिंह का भी स्थानांतरण बीजापुर कर दिया गया है, उनको कोरबा में पदस्थ हुए एक साल भी नहीं हुआ था। इसी तरह क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी शशिकांत कुर्रे गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही भेजे गए हैं। स्थानांतरण के दौर में जिन अधिकारियों की कोरबा वापसी हुई है उनमें कोरबा तहसील के तहसीलदार रहे तुलाराम भारद्वाज शामिल हैं, जो डिप्टी कलेक्टर बनकर कोरबा आ रहे हैं। इसी तरह रेणु प्रकाश कोरबा जिले में महिला बाल विकास विभाग अधिकारी के पद पर पदस्थ थीं वह जिला कार्यक्रम अधिकारी के पद पर कोरबा आ रही हैं। वर्तमान में जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति खोखर चखियार का तबादला बीजापुर कर दिया गया है। उन्होंने भी अपना एक वर्ष का कार्यकाल ही पूरा किया था। कोरबा जिले से बीजापुर जाने वाले अधिकारियों में केवल प्रशासन विभाग के अधिकारी ही शामिल नहीं हैं, अपितु पुलिस विभाग के दो निरीक्षक भी शामिल हैं, जिन्हें बीजापुर भेजा गया है।

**चर्चा में अधिकारियों का तबादला**

नई सरकार में अधिकारियों के तबादले तो एक सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन जिस तरह कोरबा से सीधा बीजापुर भेजा जा रहा है उससे स्थानांतरण की प्रक्रिया अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच चर्चा का विषय बन चुका है कि आखिर कोरबा जिले से सीधे बीजापुर तबादला किन कारणों से किया जा रहा है। कोरबा में जिन अधिकारियों की तबादला हुआ है वह कोरिया और जशपुर जिले से आए हैं।

**अन्य अधिकारियों का हुआ स्थानांतरण**

राज्य शासन के स्थानांतरण के दौर में जिले से राजपत्रित अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। कुछ नए अधिकारी जिले को मिले हैं। कोरबा तहसीलदार मनीष देव साहू का स्थानांतरण करतला तहसील में हुआ। उनकी जगह राहुल पांडेय को कोरबा के नए तहसीलदार बनाए गए हैं। इसी तरह नायब तहसीलदार के स्तर के अधिकारियों का तबादला किया गया है। स्थानांतरण के इस दौरान में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की तबादले की सूची बुधवार देर शाम जारी हुई है लेकिन जिले से विकासखंड शिक्षा अधिकारी का तबादले की सूची में नाम नहीं है। जबकि करतला और कोरबा ब्लॉक के विकासखंड शिक्षा अधिकारी एक ही स्थान पर लंबे समय से जमे हुए हैं उनके भी स्थानांतरण की चर्चा सरगर्म थी।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक: 9 मई 2024, 11 जून 2024, 21 जून 2024, 01 सितंबर 2024, 25 सितंबर 2024, 03 अक्टूबर 2024
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-21,500/-, 3AC-29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है, मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे - विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 27 मई से 02 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/- 2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411